an>

Title: Need to provide funds for construction of building for Kendriya Vidyalaya in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand and also set up a Kendriya Vidyalaya or Navodaya Vidyalaya there.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के अंतर्गत मुसाबनी सुरडा स्थित केन्द्रीय विद्यालय का भवन काफी पुराना एवं जर्जर अवस्था में है। यहां के बच्चों को दूसरी जगह पर पढ़ाया जा रहा है। नये भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के बावजूद केन्द्र सरकार के द्वारा अभी तक पैसा नहीं देने के कारण नये भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि राज्य सरकार को अविलंब राशि उपलब्ध करायी जाये। साथ ही साथ जमशेदपुर के अंतर्गत पटमदा, पोटका पूर्वाण्ड में केन्द्रीय विद्यालय /नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाये।